# तालाब में डूबने से 2 की मौत, 2 को बचाया गया

## मैहर में पटेहरा तालाब में सामने आई घटना, वार्षिक पुण्यतिथि मनाने एकत्रित था परिवार

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 अप्रैल. मैहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 4 बीड़ी बस्ती में शनिवार को उस वक्त दर्दनाक हादसा सामने आया जब पटेहरा तालाब में डूबने से 2 बहनों की मौत हो गई. गनीमत यह रही कि पानी में डूब रहे 2 बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया. जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रु की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई.**




प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्र. 4 बीड़ी बस्ती निवासी रामसजीवन चौधरी के पुत्र का निधन एक वर्ष पूर्व हो गया था. शनिवार को एक वर्ष पूरा होने पर उसकी वार्षिक पुण्य तिथि मनाई जा रही थी. इस कार्यक्रम के चलते रामसजीवन के यहां सारे रिश्तेदार एकत्र हुए थे. शनिवार को सभी लोग निकट स्थित तालाब में पूजन करने और दाल धाने के उद्देश्य से वहां पहुंचे. बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान तालाब किनारे खड़ी मुकेश चौधरी की 10 वर्षीय पुत्री पूनम का पैर अचानक फिसल गया. पैरे फिसलने के कारण पूनम तालाब में गिरने लगी. लेकिन इसी दौरान उसने बचने के लिए बगल में खड़ी अपनी चचेरी बहन आंचल चौधरी पिता रामसजीवन उम्र 20 वर्ष का हाथ पकड़ लिया. जिसका नतीजा यह हुआ कि पूनम और आंचल दोनों तालाब में गिर गईं और गहरे पानी में डूबने लगी. उन्हें डूबता देख वहां पर खड़ी 17 वर्षीय बहन शालू और भाई अभिषेक भी बचाने के लिए तालाब में कूद गए. यह देखते ही वहां पर मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया. लिहाजा पानी में डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए आस पास के लोग भागकर मौके पर पहुंच गए. कड़ी मशक्कत करते हुए अभिषेक और शालू को तो बचा लिया गया. लेकिन पूनम और आंचल का पता नहीं चला. यह देख वहां पर मौजूद परिजनों के बीच कोहराम मच गया. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद ली गई. कुछ देर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद पूनम और आंचल को बाहर निकाल लिया गया. लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. अस्पताल में मृत घोषित करने के बाद दोनों चचेरी बहनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

### रामसजीवन को दोहरा आघात

इस घटना के चलते रामसजीवन बुरी तरह टूटते नजर आए. हलांकि बदहवासी की हालत में वे कुछ भी कह पाने की स्थिति में नहीं थे. लेकिन होश संभालने पर उन्होंने इतना जरुर कहा कि साल भर पहले उन्होंने अपना बेटा खो दिया था, और अब बेटी भी चली गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान, कोतवाली थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर तैनात रहा. वहीं घटना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रु की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई.

# का न करै अबला प्रबल केहि जग कालु न खाइ




मानस मा तुलसी बाबा कहिगे हय की जब कउनो नारी आपन तय बारी नाक जाती ही ता वा कुछु करि सकत ही का न करै अबला प्रबल केहि जग कालु न खाइ.ओखर अनुहार बाबा काल से करि दिहिन हय जेखे प्रकोप से अब तक कोउ ऊंच-नीच,बड़ा-छोट यतय नाही जीव-निर्जीव तक नाही बच सका ता समाज वोही बराबरी का मान देय से केते रोज टार सकत हय. आखिर जेय हमी पइदा किहिस सेईंस-पालिस इया मेर कै संस्कार दिहिनिस हम केहू के आगे अपन हैसियत अउर औकात देखाय बताय सकी.ओखे आदर सम्मान कै रक्षा करय का जिम्मा सब कै ऊपर हबय.कबहू-कबहू हम यहोव सोच करित हयन की इया लूकी कोआ आय लगा दिहिनिस हय की अब घर परिवार कै भीतर अउर बहिरे सब जग्घा बराबरी होय चाही.अपना-पाच्य हमी इया ना समझब की हम कोहू का ओखर अधिकार ना मिलय एखे कई हयन पर हमर मानब इया हय की समाज का आगे बढमय मा परम्परा अउर संस्कृति का बहुत बड़ा हाथ होत हय. आज नीक-नागा समझय कै सीख जेती किताब से मिली हय, ता वोही समझय कै सीख घर मा बिना किताब अउर बिना डिगरी कै मिलय वाले ज्ञान से मिली हय. हमी लगत हय की ओखे बचामय कै बतकहाव केयू कबहू नाही करय. अपना सोची की जब सब कुछु बदलि डारब ता अपन कहय कै खितिर का कुछु बची.देश कै आबोहवा इया मेर कै होइगे हय की घर कै भीतर अउर बहिरे सब जग्घा हम एक-दूसरे का दुसमन मान लिहेहयन .अब समय इया आयगा हय की फेर से ई सब बातन पर सोचय का परी. हम अपने का केतव नई चलन का बनाय देई, पहिचान ता वोही पूरान से होई. जेहि सब कोउ भूलामय मा लगे हमय. हम येहू पर सब दिनन भरोसा करित हयन की केहू कै देय से कुछु नाही मिलय जब समय आवत हय ता मनई जउन चाहत हय वा सब अपने आप होइ जात हय.

# बच्ची को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

नवभारत न्यूज

**सीधी, 18 अप्रैल. जिले के रामपुर नैकिन थानांतर्गत मुर्तला मोड़ के पास शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। तेज रफ्तार बाइक ने पैदल चल रही बच्ची को टक्कर मार दी, जिसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



यह घटना शुक्रवार रात करीब 10ः30 बजे की है। घायल बच्ची की पहचान मुन्नी साकेत के रूप में हुई है। वह सड़क किनारे पैदल चल रही थी, तभी रामपुर नैकिन से अमिलई की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद बाइक चालक अपनी मोटरसाइकिल उठाकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

रामपुर नैकिन थाने के पुलिस कर्मी अनंत लाल प्रजापति ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही बच्ची को प्राथमिकता के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक की मौत बनकर आई तेज रफ्तार बाइक

जिले के बहरी थानांतर्गत नकझर खुर्द में शुक्रवार को सड़क किनारे चल रहे एक युवक के लिए मौत बनकर तेज रफ्तार बाइक आई। दिल दहला देने वाले सड़क हादसा के सामने आते ही समूचा इलाका स्तब्ध हो गया।

जानकारी के अनुसार सिहावल की ओर से आ रहा सुदामा साहू उम्र 40 वर्ष निवासी नकझर खुर्द सड़क किनारे पैदल चल रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सीधे उसे जोरदार टक्कर मारते हुए उसके ऊपर चढ़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुदामा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए और गुस्से का माहौल बन गया। पुलिस के आने के बाद मर्ग कार्यवाही शुरू हुई।

# कॉलेज में पढ़ाई कर रही छात्रा ने लगाई फांसी

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 18 अप्रेल. शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा बाबू कॉलोनी में एक 22 वर्षीय छात्रा का शव उसके किराए के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।**

मृतका की पहचान पुष्पा अहिरवार के रूप में हुई। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और पढ़ाई के लिए शहर में रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की गंभीरता से पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका के मौसा द्वारिका प्रसाद अहिरवार ने आरोप लगाया है कि पुरैना गांव निवासी विकास अहिरवार पुष्पा को लंबे समय से फोन कर परेशान कर रहा था। आरोपी युवक वर्तमान में सागर में पढ़ाई कर रहा है। परिजनों के मुताबिक, पहले भी उसे समझाइश दी गई थी, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मृतका के भाई बृजेश अहिरवार ने बताया कि गुरुवार शाम पुष्पा की एक सहेली ने फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन तत्काल उसके कमरे पहुंचे, जहां पुष्पा फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी युवक से फोन पर हुए किसी विवाद के चलते ही पुष्पा ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

### बाल विवाह रोकने उड़नदस्ता बने

**सतना 18 अप्रैल.** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह होने के संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले को बाल विवाह रहित रखने एवं बाल विवाह की सूचना पर कार्यवाही करने सभी अनुविभागों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13 के तहत उड़नदस्ता दल गठित किया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित उड़नदस्ता दल में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), सीईओ जनपद पंचायत, खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी/बीआरसी एवं परियोजना अधिकारी बाल विकास को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# मैहर में अवैध खनिज परिवहन पर हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 अप्रैल. कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है।**



इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर की गई कार्यवाही के दौरान खनिज विभाग ने अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए कुल 4 वाहनों को जब्त किया। इनमें वाहन क्रमांक एमपी 20 एचबी 6775 को मैहर थाना क्षेत्र में पकड़ा गया, जबकि एमपी 17 एचएच 3848 एवं एमपी 53 जेडबी 7754 को रामनगर थाना क्षेत्र में अवैध परिवहन करते हुए जब्त कर खड़ा कराया गया। इसके अलावा एक बिना नंबर का वाहन अमरपाटन थाना क्षेत्र में पकड़ा गया। सभी जब्त वाहनों के खिलाफ नियमानुसार प्रकरण तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफयह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# देर रात बाहर से दरवाजा बंद कर चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ाए

नवभारत न्यूज

**सीधी, 18 अप्रैल. देर रात घर का बाहर से दरवाजा बंद कर चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ा कर रफूचक्कर हो गये। चोरी की इस वारदात को आधा दर्जन बदमाशों से अंजाम दिया।**



चोरी की इस वारदात का सीसीटीव्ही फुटेज भी सामने आने पर जमोड़ी थाना पुलिस विवेचना में जुटी हुई है। यह पूरा मामला समीप ग्राम पंचायत पड़रा का सामने आया है। अभिषेक उर्फ रवी सिंह परिहार पिता धीरेन्द्र सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम पड़रा ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पीटीएस कालोनी रीवा में रहते हैं। घर में मेरे पिता धीरेन्द्र, मां कमला सिंह, बहन आभा सिंह, भाई आनंद सिंह रहते हैं। दिनांक 16 अप्रैल 2026 को परिवार के सभी लोग भोजन के बाद सो रहे थे। रात्रि करीब 2ः30 बजे बहन आभा सिंह ने फोन लगाकर बताया कि आपके कमरे में चोरी हो गई है। यह जानकारी मिलते ही अभिषेक सिंह अपने पत्नी और बच्चों के साथ स्वयं के वाहन से रीवा से सीधी अपने घर पड़रा पहुंचे। यहां देखा कि उनके कमरे में दो आलमारी का लॉक एवं दीवान, दराज टूटा था वहीं अन्य सामान बिखरे हुये थे। आलमारी एवं दीवान में रखा सोने-चांदी का पुराना इस्तेमाली जेवरात नहीं थे। घरवालों ने बताया कि चोरी कब हुई इसकी सही जानकारी नहीं है लेकिन रात करीब 2 बजे खट-पिट की आवाज आने पर बहन आभा ने कमरे के अंदर से हल्ला-गुहार मचाया, जिसके बाद दूसरे कमरे में सो रहे पिता धीरेन्द्र सिंह जगे और घर के अन्य लोगों को उठाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोरों द्वारा करीब 3 लाख रूपये के जेवरातों की चोरी की गई है।

### फरियादी ने गये माल की सूची सौंपी

फरियादी अभिषेक सिंह के अनुसार चोरी गये जेवरातों में सोने की सकरी 2 नग, सोने का झुमका 3 नग, सोने का माथबेंदी 2 नग, सोने की अंगूठी 21 नग, सोने की एक जोड़ी पायल, चांदी की पायल 10 नग, चांदी की कटोरी 2 नग, सोने का लाकेट 6 नग, चांदी मूर्ति 3 नग, चांदी का चूड़ा 10 नग, नारियल चांदी का एक नग, चांदी का सिक्का 20 नग, सोने का कंगन 2 नग, सोने का बाला 2 नग, सोने का बेसर 2 नग, सोने का हार 3 नग, मंगलसूत्र 1 नग, सोने की बिछिया 2 नग, चांदी की करधन 2 नग, चांदी का चम्मच 2 नग, चांदी की गिलास 1 नग, चांदी की बिछिया 25 जोड़ी, चांदी की थाली 2 नग, चांदी की सुपाड़ी 2 नग, चेक बुक 1 नग शामिल है। जमोड़ी थाना पुलिस द्वारा धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी निवास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।**

निवास चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन शुक्रवार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भड़सेडी रेलवे पुलिया के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से गांजा लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी निवास सूरज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछतांछ में आरोपी ने अपना नाम पुष्पराज जायसवाल उम्र 33 वर्ष निवासी महुआगांव बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2 किलो 27 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी जप्त की है।

# संस्कृति मंत्रालय की पहल पर जिले के चित्रकूट में पांडुलिपि सर्वेक्षण प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना 18 अप्रैल. भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर पाण्डुलिपि का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।**



कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में शनिवार को एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर और तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया ने चित्रकूट के धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में पहुंचकर पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण किया। ज्ञान भारतम मिशन, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। जिसकी घोषणा 01 फरवरी 2025 को केंद्रीय बजट पैरा 84 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रचार-प्रसार करना है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के ज्ञान भारतम मिशन एवं मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के बीच 19 दिसम्बर 2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है।

### उर्वरक वितरण में अनियमितता पर सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

**सतना 18 अप्रैल.** जिला सहकारिता प्रशासन द्वारा उर्वरक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कड़ी कार्रवाई करते हुए बहु-प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शिवराजपुर (शाखा सिंहपुर) के सहायक समिति प्रबंधक हरीराम पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

प्रवेश प्रारंभ 2026-27
इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी
हायर सेकेंडरी स्कूल गणित | जीव विज्ञान | वाणिज्य | कला
सुविधा- योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, प्रेक्टिकल एवं बस सुविधा
नर्सरी से 12वीं / माध्यम : अंग्रेजी, हिन्दी
पता: पोस्ट ऑफिस रोड वैढ़न मोबाइल : 9826861958, 9926391442

# बड़ी वारदात न हो की चेतावनी के बाद भी डकैती

## सख्त कार्रवाई की मांग, डीजीपी से एसपी मनीष खत्री व बैढ़न टीआई पर शिकायतों की बौछार, जनता का आरोप कानून व्यवस्था लचर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज डकैती ने जिले की कानून व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है।**



बीते शुक्रवार की देर रात हालात का जायजा लेने पहुंचे डीजीपी कैलाश मकवाना के समक्ष जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस व्यवस्था को लेकर खुलकर असंतोष जाहिर किया। इस दौरान एसपी मनीष खत्री और कोतवाली बैढ़न थाना प्रभारी के खिलाफ गंभीर आरोपों की झड़ी लग गई, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को दोपहर के समय अज्ञात बदमाशों ने बैंक परिसर में घुसकर हथियारों के बल पर करीब 6 किलो सोना, जो गोल्ड लोन के तहत रखा गया था और 20 लाख रुपये से अधिक नकदी लूट ली। कर्मचारियों और ग्राहकों के साथ मारपीट भी की गई, जिससे पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बन गया है। शहर के बीचोंबीच हुई इस वारदात ने पुलिस की गश्त और सतर्कता पर सीधे सवाल खड़े कर दिए हैं। सिंगरौली के सांसद ने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि तीन महीने पहले जिला मुख्यालय में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में उन्होंने एसपी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कानून व्यवस्था मजबूत रखी जाए और किसी भी बड़ी वारदात को रोका जाए। सांसद के अनुसार उस समय एसपी ने अपने अनुभव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया था, लेकिन अब हुई यह घटना उनके दावों की पोल खोलती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मामले में डीजीपी कैलाश मकवाना और रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत से चर्चा कर स्पष्ट कहा है कि किसी भी आरोपी को बख्शा न जाए और जिन अधिकारियों की लापरवाही सामने आए, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही एसपी, कोतवाली टीआई एवं यातायात प्रभारी सत्ताधारी नेताओं के साथ-साथ विपक्षी दलों तथा व्यापारियों व नागरिको के निशाने पर हैं। कुछ दबी तो कुछ खुलकर इन तीनों पुलिस अधिकारियों को हटाने की मांग करने लगे हैं।

### शिकायतकर्ताओं का दावा, अनुभव सुनाते हैं एसपी

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जब वे अपनी समस्याएं लेकर एसपी के पास जाते हैं तो समाधान के बजाय उन्हें अन्य जिलों के अनुभव सुनाए जाते हैं। उनका कहना है कि शिकायतों का निराकरण करने के बजाय अधिकारियों द्वारा अपनी उपलब्धियों का बखान किया जाता है, जिससे आमजन में असंतोष बढ़ रहा है और भरोसा कमजोर पड़ रहा है। डीजीपी ने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीव्ही फुटेज और पुलिस की प्रतिक्रिया की समीक्षा की है तथा निर्देश दिए हैं कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए गए हैं। घटना के बाद पूरे जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर बहस तेज हो गई है और अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या वास्तव में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

### पुलिस के दावों की खुली पोल, खुफिया तंत्र फेल

पुलिस अधिकांश खबरों में जहां पर वाहवाही लेने की बारी आती है, वहां मुखबिर का हवाला जरूर देती है। उन्ही के सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है, लेकिन बैंक ऑफ महाराष्ट्र बैढ़न में करीब 10 करोड़ रूपये कीमत के सोना, 20 से 25 लाख कैश डकैतों ने मारधाड़ कर बड़े आसानी से दो मोटरसाइकिलो में सवार होकर पॉचों बदमाश बीजपुर मार्ग की ओर भाग खड़े हुये। चर्चाएं की जा रही हैं कि डकैतों को इस बात की जानकारी कैसे थी कि किस लॉकर में गोल्ड लोन रखा हुआ है और वहां सुरक्षा कर्मी तैनात नही हैं। यह भी चर्चाएं की जा रही हैं कि बदमाश कई बार रैकी किये होंगे, तभी बड़े आसानी के साथ घटना को अंजाम दिये। पुलिस का मुखबिर एवं खुफिया तंत्र पूरी तरह से फेल रहा। पूर्व में कई बार पुलिस दावा करती आ रही थी कि डकैती की योजना बनाते आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, यह केवल पूर्व में वाहवाही लूटी गई थी। यदि पुलिस का मुखबिर तंत्र इतना मजबूत है तो इस डकैती को क्यों नही रोक पाए ?

100 बिस्तरीय मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
24x7, ICU, NICU
• हड्डियों का नि:शुल्क आपरेशन आयुष्मान से • प्लास्टिक सर्जरी नि:शुल्क आपरेशन आयुष्मान से
• यूरोलॉजी • न्यूरोसर्जरी • कार्डियोलॉजी • सर्जरी (लेजर एवं लेप्रोस्कोपी) • आर्थोपेडिक्स • गैस्ट्रोलॉजी • प्लास्टिक सर्जरी • मेडिसिन • गायनी एवं आब्स • पिडियाट्रिक्स
मेडिसिन डॉ.संदीप पटेल MBBS, MD (मेडिसिन)
आयुष्मान योजना के तहत नि:शुल्क इलाज
सिजेरियन | नार्मल डिलिवरी
बच्चेदानी का आपरेशन दूरबीन द्वारा
मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध
24/7 इमरजेंसी सुविधा
पी.टी.एस. न्यू बस स्टैंड रोड, फ्लाईओवर के बगल में, रीवा
संपर्क करें : 756690 8666, (07662) 469015
फॉलो करें : prarthanahospital22@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99